J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 09.03.2021

DAINIK JAGRAN

जेसी बोस विश्वविद्यालय ने जीता कानूनी जागरूकता पुरस्कार

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जेसी बोस(वाईएमसीए) विश्वविद्यालय को कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कानूनी जागरूकता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिल्ली राज्य विधि सेवा प्राधिकरण और भागीदारी जन सहयोग समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में हिंदी सेवी अमरनाथ शास्त्री रनिंग ट्राफी भी जीती। विश्वविद्यालय की बीएससी रसायन विज्ञान की छात्रा लताक्षी शर्मा महिला सशक्तिकरण पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार और बीएससी भौतिक विज्ञान के छात्र रुद्र अग्रवाल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

एनएसएस समन्वयक डा. प्रदीप डिमरी को कोरोना महामारी के दौरान महिलाओं और बच्चों के विभिन्न मुद्दों पर कानूनी जागरूकता को लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वेबीनार में सहयोग देने तथा सफल बनाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग ने एनएसएस विंग के सदस्यों को बधाई दी है तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

कानूनी जागरूकता पुरस्कार के साथ जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, रजिस्ट्रार डा. सुनील कुमार गर्ग, एनएसएस समन्वयक प्रदीप डिमरी और छात्रा लताक्षी शर्मा
● सौजन्य विश्वविद्यालय प्रवक्ता

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

NEWS CLIPPING: 09.03.2021

HINDUSTAN

वाईएमसीए को पुरस्कार मिला

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, वाईएमसीए को कानूनी जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'कानूनी जागरूकता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय को यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर नई दिल्ली में दिल्ली राज्य विधि सेवा प्राधिकरण और भागदारी जन सहयोग समिति की ओर से आयोजित एक समारोह में दिया गया।

विश्वविद्यालय की एनएसएस विंग की ओर से वेबिनार के जरिए कानूनी मुद्दों पर जागरूकता लाने के लिए किए गए कार्यों के लिए यह पुरस्कार मिला है। एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप डिमरी को विभिन्न मुद्दों पर कानूनी जागरूकता के लिए सम्मानित किया गया।